## आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–14 अगस्त 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को सम्बोधित करेंगी राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु। आज शाम सात बजे से आकाशवाणी के सम्पूर्ण राष्ट्रीय नेटवर्क और दूरदर्शन के सभी चैनलों पर प्रसारित होगा राष्ट्रपति का सम्बोधन।
- नई दिल्ली में आयोजित उन्यासीवें स्वतंत्रता दिवस समारोह में प्रदेश के तैंतीस ग्राम प्रधानों, चौदह लखपति दीदियों और एक सौ अठहत्तर श्रमिकों सहित कई अन्य लोग विशिष्ट अतिथि के तौर पर होंगे शामिल।
- मॉनसून सत्र के दौरान जारी है 'विकसित भारत, विकसित उत्तर प्रदेश' के 'विजन डाक्यूमेंट दो हजार सैंतालीस' पर विधानसभा में चौबीस घंटे की विशेष चर्चा।
- प्रदेश में बर्ड फ्लू की आशंका को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिए विशेष निर्देश।

**********

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु उन्यासिवें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर आज शाम राष्ट्र को संबोधित करेंगी। यह संबोधन शाम सात बजे से आकाशवाणी के संपूर्ण राष्ट्रीय नेटवर्क पर प्रसारित होगा। यह दूरदर्शन के सभी चैनलों पर हिंदी और अंग्रेजी में प्रसारित होगा। दूरदर्शन पर हिंदी और अंग्रेजी में संबोधन के प्रसारण के बाद, दूरदर्शन के क्षेत्रीय चैनलों द्वारा क्षेत्रीय भाषाओं में भी इसका प्रसारण किया जाएगा। आकाशवाणी अपने संबंधित क्षेत्रीय नेटवर्क पर रात साढ़े नौ बजे से क्षेत्रीय भाषाओं में इसका प्रसारण करेगा।

**********

देश भर में कल उन्यासीवां स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाया जाएगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली में लाल किले के प्राचीर से राष्ट्र को संबोधित करेंगे। समारोह में उत्तर प्रदेश सहित देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के दो सौ दस पंचायत नेता विशेष अतिथि के तौर पर शामिल होंगे। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

**इस वर्ष के विशेष अतिथियों में बड़ी संख्या में महिला पंचायत प्रतिनिधि शामिल हैं, जिन्होंने अपनी ग्राम पंचायतों में बेहतर बुनियादी ढाँचा, बेहतर सार्वजनिक सेवाएं और समावेशी सामुदायिक पहल जैसे उल्लेखनीय सुधार लाए हैं। इन विशेष अतिथियों के लिए नई दिल्ली में एक औपचारिक सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान एआई संचालित सभासार एप्लीकेशन लॉन्च भी किया जाएगा। दीपेंद्र के साथ अमन यादव आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।**

स्वतंत्रता दिवस समारोह में प्रदेश के तैंतीस ग्राम प्रधान, चौदह लखपति दीदियां और एक सौ अठहत्तर श्रमिकों सहित कई अन्य लोग भी विशिष्ट अतिथि के तौर पर शामिल होंगे। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कल लखनऊ से लखपति दीदियों के दल को नई दिल्ली के लिए रवाना किया। इनमें फतेहपुर जिले की राष्ट्रीय आजीविका मिशन से जुड़ी लक्ष्मी देवी भी शामिल हैं जो समारोह में हिस्सा लेने के लिए उत्साहित हैं।

**मुझे भारत सरकार के द्वारा दिल्ली जाने का मौका मिला। पंद्रह अगस्त में प्रधानमंत्री जी से मिलने का मौका मिल रहा है। सौभाग्य की बात है की मैं आजीविका मिशन ऐसी जुड़ के इतने आगे जा रही हूँ। मुझे खुशी होती है की मुझे समूह ऐसी जुड़ के बहुत अच्छा लगा।**

जौनपुर के सामाजिक कार्यकर्ता शुभलाल सरोज को भी लाल किले पर आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में हिस्सा लेने का अवसर मिला है। वह खुद दिव्यांग हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम से प्रेरणा लेते हुए दिव्यांगजनों की समस्याओं के समाधान से संबंधित सुझाव लगातार भारत सरकार को भेजते रहे हैं।

**प्रेरणा लेकर उनकी मन की बात को मैंने जो है भारत सरकार को अवगत कराता रहा। उसको सरकार ने सुझाव के रूप में स्वीकार करते रहे और लागू भी करते थे और पत्र भी हमें मिलता था। तो उसी माध्यम ऐसी हम करते करते यहाँ तक पहुँचे। माननीय प्रधानमंत्री जी का मैं तय दिल ऐसी धन्यवाद देता हूँ।**

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में हर घर तिरंगा अभियान के तीसरे चरण की शुरुआत की और तिरंगा यात्रा में भी शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि एक सौ चालीस करोड़ भारतवासी हर घर पर तिरंगा लगाकर देश की आजादी के समारोह में भागीदार बनें।

**यह तिरंगा यात्रा मात्र यात्रा नहीं है यह भारत माता के प्रति भारतीय महापुरुषों के प्रति अपने क्रांतिकारियों के प्रति वीर सैनिकों के प्रति हमारी कृतज्ञता भी है। हम उत्तर प्रदेश के अंदर हर घर तिरंगा के इस कार्यक्रम के साथ जुड़ रहे हैं। हर भारतीय के घर में भारत के आनपान और शान के प्रति यह तिरंगा लहराया जाना चाहिए।**

हर घर तिरंगा अभियान के तहत प्रदेश के ऊर्जा मंत्री ए. के.शर्मा के नेतृत्व में भी कल लखनऊ में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन हुआ।

प्रदेश की शाहजहांपुर पुलिस लाइन, रायबरेली जिले के डलमऊ तहसील और नगर पंचायत सलोन तथा अमरोहा जिले के नौगांवा सादात स्थित मदरसे द्वारा भी कल तिरंगा यात्रा निकाली गई।

**********

विधानमंडल के मॉनसून सत्र के दौरान विधानसभा में 'विकसित भारत, विकसित उत्तर प्रदेश' के 'विजन डाक्यूमेंट दो हजार दो हजार सैंतालीस' पर विशेष चर्चा जारी है। यह विशेष चर्चा कल शुरू हुई और चौबीस घंटे लगातार चलने के बाद आज पूरी होनी है।

संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने कल सदन में 'विजन डाक्यूमेंट दो हजार सैंतालीस' पर विशेष चर्चा का प्रस्ताव प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि वर्ष दो हजार सैंतालीस तक प्रदेश 'आत्मनिर्भर भारत आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश' की संकल्पना को मूर्त रूप देने के लिए प्रतिबद्ध है।

**यह सदन प्रस्ताव करता है कि आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर माननीय प्रधानमंत्री जी ने देश को दो हजार सैंतालीस तक विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत बनाने का संकल्प दिया है। माननीय प्रधानमंत्री जी के इस आह्वान पर जहां भारत सरकार तेजी के साथ कार्य करते हुए विभिन्न क्षेत्रों में इस संकल्प को सफल बनाने के लिए समेकित प्रयास कर रही है। वहीं देश के सबसे बड़े राज्य के रूप में उत्तर प्रदेश अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन करते हुए विकसित भारत विकसित उत्तर प्रदेश आत्मनिर्भर भारत आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश की संकल्पना को मूर्त रूप देने के लिए प्रतिबद्ध है।**

चर्चा के दौरान उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्रदेश गेहूं, दुग्ध और चीनी उत्पादन में देश में नंबर एक पर है। प्रदेश में सर्वाधिक एक्सप्रेस–वे हैं, सभी जिलों को फोर–लेन सड़कों से जोड़ा गया है और बिजली आपूर्ति तथा स्वास्थ्य सेवाओं सहित सभी क्षेत्रों में सुधार हुआ है।

इस बीच, विधान परिषद में कल शिक्षक दल ने अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों की समस्याओं के मुद्दे पर सदन से वॉक आउट किया। साथ ही समाजवादी पार्टी ने प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं का मामला उठाया।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बर्ड फ्लू की आशंका के मद्देनजर कल संबंधित विभागों को त्वरित और समन्वित कार्रवाई के निर्देश दिये। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

**मुख्यमंत्री ने प्रदेश के सभी प्राणी उद्यानों, पक्षी विहारों, नेशनल पार्कों, वेटलैंड क्षेत्रों और गो–आश्रय स्थलों में सुरक्षा उपायों को और मजबूत करने को कहा है। साथ ही प्राणी उद्यान परिसरों को नियमित रूप से सैनेटाइज करने, सभी वन्य जीवों की स्वास्थ्य जांच अनिवार्य रूप से करने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी कर्मचारियों को एवियन इंफ्लुएंजा के लक्षण, संक्रमण के तरीके और उससे बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी जाए। श्री योगी ने कहा कि प्रदेश के सभी पोल्ट्री फार्मों की मानकों के अनुरूप कड़ी निगरानी की जाए और पोल्ट्री उत्पादों के आवागमन पर निरंतर नियंत्रण रखा जाए। समाचार कक्ष से तनवीर फातिमा।**

**********

इटावा के उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय में कुलपति डॉ अजय सिंह ने कल वरिष्ठ नागरिकों को समर्पित 'जेरियाट्रिक ओपीडी सेवा' का उद्घाटन किया। इस अवसर पर कुलपति ने कहा कि भविष्य में केवल ओपीडी ही नहीं, बल्कि पैथालॉजी और अन्य स्थानों पर भी वरिष्ठ नागरिकों के लिए अलग काउंटर की व्यवस्था लागू होगी। वहीं, गोरखपुर के मंडल स्तरीय जिला अस्पताल में कल से ही ऑनलाइन ओपीडी पर्चा बनाने की सुविधा लागू कर दी गई । इससे मरीज और उनके परिजन घर बैठे अपना पर्चा खुद बना सकते हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेश झा ने बताया कि आभा आईडी वाले मरीजों को अपना पर्चा बनाने में अधिक सहूलियत होगी।

**********